फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री रमेश गुर्जर निवासी गांव सीमाल तहसील सरदारगढ़ जिला राजसमन्द
– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सरदारगढ़ – प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 10/2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 12.05.2025

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सरदारगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सरदारगढ़ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सरदारगढ़ से जरिये पत्र क्रमांक :– आर.टी.आई/2025/215 दिनांक 23.04.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री रमेश गुर्जर निवासी गांव सीमाल तहसील सरदारगढ़ जिला राजसमन्द बनाम लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सरदारगढ़ में संदर्भित नोटिस में श्रीमान द्वारा जवाब चाहा गया था। प्रार्थी को कई बार उक्त संबंध में मोबाईल पर सूचना करने पर कार्यालय में उपस्थित नहीं हुआ। लगातार 5 दिन का राजकीय अवकाश होने से प्रार्थी को समय पर सूचना उपलब्ध नही करवाई जा सकी एवं दिनांक 21.04.25, 22.04.2025 मोबाईल पर सूचना करने पर अनुपस्थित रहा तथा दिनांक 23.04.2025 प्रार्थी स्वयं उपस्थित होकर वांछित सूचना उपलब्ध कराई गयी जिसकी पावती रसीद प्राप्त की गई। अतः श्रीमान से निवेदन है उक्त नोटिस निरस्त कराने अपील का जवाब स्वीकार करने की कृपा करावे।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सरदारगढ़ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सरदारगढ़ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना स्वयं अपीलार्थी को दिनांक 23.04.2025 को उपलब्ध करा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सरदारगढ़ को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर
राजसमन्द (राज.)